2. **निम्नलिखित शब्दों से भाववाचक संज्ञाएँ बनाइए—**

मित्र	मित्रता	नारी	नारीत्व
लड़का	लड़कपन	व्यक्ति	व्यक्तित्व
प्रभु	प्रभुता	चीखना	चीख
गरीब	गरीबी	हारना	हार
चढ़ना	चढ़ाव	बैठना	बैठक

3. **वाक्यों में व्यक्तिवाचक संज्ञाएँ रेखांकित कीजिए—**

(क) वाराणसी भारत की बहुत प्राचीन नगरी है।

(ख) गंगा-तट से थोड़ी दूर एक पाठशाला थी।

(ग) महर्षि सुश्रुत इस पाठशाला के आचार्य थे।

(घ) उनके पिता का नाम विश्वामित्र था।

4. **वाक्यों में भाववाचक संज्ञाएँ रेखांकित कीजिए—**

(क) स्वतंत्रता हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है।

(ख) मेरे मित्र की यही खास गलती है।

(ग) रमेश मानवता का पुजारी है।

(घ) दौड़ में खरगोश कछुए से हारता है।

बहुविकल्पीय प्रश्न

निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर पर सही (✓) का चिह्न लगाइए—

1. **निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द व्यक्तिवाचक संज्ञा है?**
   जाति   प्रेमचंद ✓   चाल   दुकान
2. **इनमें से कौन-सा शब्द भाववाचक संज्ञा है?**
   शहर   पुरुष   चंडीगढ़   मिठास ✓
3. **'युवा' से बना भाववाचक संज्ञा शब्द होगा—**
   युवक   यौवन ✓   युवती   कोई नहीं
4. **इनमें से कौन-सा शब्द समूहवाचक संज्ञा नहीं है?**
   गुच्छा   ढेर   सेना   मोहल्ला ✓